# हिंदी

दि. २५.२.२०१०

सङ्कल : ३ घण्टे) **प्रश्नपत्रिका : मार्च २०१०** (कुल अंक : ८०

**प्र. १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर २०० से २५० शब्दों में निबंध लिखिए :** (१०)

(१) विज्ञान और शिक्षा । (२) राष्ट्रीय एकता । (३) छाते की आत्मकथा
(४) जीवन में खेलों का महत्व (५) यदि मैं अध्यापक होता ....

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

**प्र. २. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग १०० शब्दों में लिखिए :** (०६)

(१) अकाल से सेठ परसादीलाल अपना व्यवसाय किस प्रकार कर रहे थे ?
(२) बनवारी भोलानाथ के घर कैसे चिपक गया ?
(३) 'ताप्ती के कछार में' सहकारिता, शिक्षा और कृषि का विकास किस तरह हो रहा है ?

**प्र. ३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए :** (०८)

(१) कार्यालय के कर्मचारी सरदार शिवसिंह को बुरा क्यों कहते थे ?
(२) लेखक की दृष्टि में 'गिरना आसान उठना कठिन' क्यों है ?
(३) वसुधा को स्कूल जाना क्यों अच्छा नहीं लगता था ?
(४) लेखिका के जीवन में 'राज' और 'राजन' का क्या महत्त्व है ?

**प्र. ४. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ८० शब्दों में लिखिए :** (०५)

(१) सूरदास ने प्रभु को समदरसी क्यों कहा है ? (२) कवि पंत ने मनुज को क्या आवाहन किया है ?
(३) 'बसंत की रात' कविता में कवि ने प्रकृति सौंदर्य का चित्रण किस प्रकार किया है ?

**प्र. ५. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । हर एक का उत्तर लगभग ५० शब्दों में हो :** (०९)

(१) रहीम ने आँसू, मन की व्यथा तथा विपदा के संबंध में क्या कहा है ?
(२) मीरा ने गिरीधर गोपाल का वर्णन किन शब्दों में किया है ?
(३) 'भोर हो गई' कविता में कवि ने भोर की सुंदरता का वर्णन किस प्रकार किया है ।
(४) काँटों की व्यथा का कारण क्या है ?
(५) 'दयनीयता को विनम्रता समझने की भूल मत करो' ऐसी सलाह कवि राजेश जोशी क्यों देते हैं ?

**प्र. ६. (च) निम्नलिखित अवतरण का संदर्भसहित स्पष्टीकरण कीजिए :** (०४)

"रोए तो वह जिसने कौड़ियों पर अपनी आत्मा भ्रष्ट की हो - जिसने रुपयों पर अपना धर्म बेचा हो ।"

**अथवा**

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

"लोग ब्याह इसलिए करते हैं कि उनके घर में पुत्र हो । लोग पुत्र इसलिए माँगते हैं कि उनका नाम संसार में बना रहे ।"

**(छ) निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भसहित स्पष्टीकरण कीजिए :** (०४)

"मेरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा ।"
तेरा तुझको सौंपता, क्या लागे है मेरा ।"

**अथवा**

"प्रत्येक जन प्रत्येक जन को बंधु अपना मान लो,
सुख-दुःख अपने बंधुओं का आप अपना मान लो ।
सब दुःख यो बँटकर घटेगा सौख्य पावेंगे सभी,
हाँ शोक में भी सांत्वना के गीत गायेंगे सभी ।"

**(ज) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक 'एक' वाक्य में लिखिए :** (०४)

(१) छाता किसका प्रतीक है ? (२) बनवारी को किस बीमारी की शिकायत थी ?
(३) 'महादान' कहानी के लेखक का नाम क्या है ? (४) कुक्कुट-गृह के उद्घाटन में कौन-कौन साहब पधारे थे ?
(५) निरुपमा के पति की मृत्यु कैसे हुई ?

**प्र. ७. (क) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए :** (०४)

(१) घीसा ने लेखिका को कौनसी गुरुदक्षिणा दी? (२) 'भगवान औघड़दानी है' ऐसा खितीन बाबू क्यों कहते हैं ?
(३) महादेवीजी ने आजकल के पत्रकारों के संबंध में क्या कहा है ?

**(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए । प्रत्येक उत्तर लगभग ५० शब्दों में हो :** (०६)

(१) देव की देशभक्ति । (२) रामकुमार वर्मा की मातृभक्ति ।
(३) रामदास का अभावग्रस्त जीवन । (४) शांति-निकेतन में महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ ।

**प्र. ८. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों के रचना के अनुसार भेद पहचानकर लिखिए :** (०२)

(१) भक्त भगवान की पूजा में लीन हो जाता है ।
(२) एक छाता वह भी होता है, जो अक्सर विलायती मेमें शौकिया उठाए-उठाए फिरती हैं ।

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

(३) रुपए की कीमत गिर रही थी और चीजों की बढ़ रही थी ।

**(आ) कोष्ठक की सूचना के अनुसार किन्हीं दो वाक्यों का काल–परिवर्तन करके वाक्य फिर से लिखिए :** **(०२)**

(१) बुराई के कारण उस विभाग के सभी अधिकारी उनकी जान के दुश्मन बन गए हैं। (पूर्ण भूतकाल में बदलिए।)

(२) मैं कुछ देर के लिए उनके पति के पास बैठक में बैठ जाता हूँ। (सामान्य भविष्यत्‌काल में बदलिए।)

(३) वह रसोईघर में बैठकर खाना खाएगा । (अपूर्ण वर्तमानकाल में बदलिए ।)

**(इ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **(०२)**

(१) पाँव तले धरती निकल जाना (२) बुक्का फाड़ कर रोना (३) तबाह होना । (४) चंपत हो जाना ।

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

**(ई) (१) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का भाववाचक संज्ञारूप लिखिए :** **(०१)**

(१) सफल (२) सजाना ।

**(२) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण रूप लिखिए :** **(०१)**

(१) विदेश (२) इतिहास ।

**(उ) निम्नलिखित में से कोई दो वाक्य शुद्ध कर फिर से लिखिए :** **(०२)**

(१) शाहनी दीन–रात दर्द से कराहती रहती थी । (२) ठेकेदार लोग यहाँ से चले तो बातें होने लगा ।

(३) कैंटों में गुल खिलते हैं ।

**प्र. ९. निम्नलिखित परिच्छेद पढकर उसपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :** **(०५)**

हमारे भारत का किसान इस दृष्टि से सच्चा देशप्रेमी है, कि वह सारे राष्ट्र का पालन कर रहा है । वैज्ञानिक दृष्टि में उन्नति के फलस्वरूप हमारे कृषि वैज्ञानिक उत्तम किस्म के नए बीज तथा ज्यादा अनाज देनेवाली फसलें उगाने के लिए नई–नई तकनीकों के अनुसंधान में लीन हैं । अब इन कृषि वैज्ञानिकों के कारण उत्तम बीजों, रासायनिक खादों तथा आधुनिक खेती के औजारों को मदद से खेती–बाड़ी के काम को बढाया जा रहा है । इस प्रकार आज भारतीय कृषक खाद्य समस्या का समाधान करने के लिए भी सदा तैयार हैं । अब हमारे देश में कृषि को अन्य उद्योगों की भाँति माना जा रहा है और सरकार का सदा यही प्रयत्न रहता है कि खेती के उद्योगों को ही प्राथमिकता प्रदान की जाए । इस क्रम में सरकार किसानों को खेती के काम में बढावा देने के लिए सस्ते ब्याज पर ऋण देने के लिए प्रयास कर रही है । कृषि कार्य के लिए वह और दूसरी सुविधाएँ भी किसान को देने के लिए कोशिश कर रही है ।

**प्रश्न :–** (१) कृषी वैज्ञानिक किन कार्यों में लीन हैं ? **(०२)**

(२) सरकार खेती के विकास के लिए क्या कर रही हैं ? **(०२)**

(३) उपर्युक्त परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए । **(०१)**

**<u>अथवा</u> उपर्युक्त परिच्छेद का एक–तिहाई (१/३) शब्दों में सार लिखिए तथा उचित शीर्षक दीजिए ।** **(०५)**

**प्र. १०. निम्नलिखित पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए ।** **(०५)**

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM

मनोज / मनाली पटेल, १०, शास्त्री नगर, औरंगाबाद से प्राचार्य, जिजामाता महाविद्यालय, औरंगाबाद, को ग्रंथालय से पाठ्यपुस्तकों की प्राप्ति हेतु – पत्र लिखता / लिखती है । **अथवा**

श्री राजेश / रजनी जोशी, भारत नगर, सोलापुर से व्यवस्थापक – इंदिरा औषधी भंडार, लक्ष्मी रोड, पुणे २५, को लिखकर घरेलू औषधियाँ वी. पी. द्वारा मँगवाता / मँगवाती है ।

●●●

WWW.UNIVERSITYQUESTIONPAPERS.COM